प्रादेशिक समाचार
दिनांक–24.09.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए झारखंड पहुंची चुनाव आयोग की टीम आज राज्य के सभी पुलिस अधीक्षकों और उपायुक्तों के साथ करेगी समीक्षा बैठक।

2. झारखंड हाईकोर्ट ने विधानसभा नियुक्ति घोटाले की जांच सीबीआई से कराने का दिया आदेश।

3. भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने हेमंत सोरेन सरकार पर आदिवासियों की उपेक्षा करने का लगाया आरोप, कहा– भाजपा ही झारखंड की जनता के हितों की रक्षा करने वाली पार्टी।

और

4. बंगाल की खाड़ी में बन रहे निम्न दबाव का असर दिखेगा झारखंड पर, रांची, गोड्डा, साहिबगंज सहित 14 जिलों में आज से 27 सितंबर तक भारी बारिश की संभावना।

****

झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए दो दिवसीय दौरे पर रांची पहुंची चुनाव आयोग की टीम आज राज्य के सभी पुलिस अधीक्षको और उपायुक्तों के साथ समीक्षा बैठक करेगी। इससे पहले आयोग की टीम ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के जन प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उनसे सुझाव लिया।

****

चुनाव आयोग के अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान भाजपा की ओर मुख्य रुप से राज्य में बांग्लादेशी घुसपैठ का मामला उठाया गया। बैठक के बाद भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद ने कहा कि आयोग से संताल परगना के सीमावर्ती इलाकों में आधार कार्ड की जांच कराने की मांग की गयी है।

****

भाजपा की सहयोगी आजसू पार्टी ने विधानसभा चुनाव कराने की मांग आयोग के समक्ष रखी। आजसू पार्टी के नेता हसन अंसारी ने कहा कि पार्टी चाहती है कि राज्य में निर्धारित समय पर ही चुनाव हो।

****

राज्य में सत्तारुढ़ गठबंधन के प्रमुख घटक दल झामुमो ने बैठक के दौरान चुनाव आयोग से 15 नवंबर के बाद कम से कम चरणों में मतदान कराने का आग्रह किया। पार्टी के केन्द्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा नेताओं पर हेट पॉलिटिक्स करने का आरोप लगाया।

****

कांग्रेस पार्टी ने भी आयोग के समक्ष झामुमो की मांग को ही दोहराया। बैठक के बाद पार्टी नेता विनय प्रकाश दीपू ने कहा कि चुनाव आयोग से निष्पक्ष चुनाव कराने की मांग की गई है।

****

झारखंड हाईकोर्ट ने विधानसभा नियुक्ति घोटाले की जांच सीबीआई को सौंप दी है। अदालत ने सभी दस्तावेज जांच एजेंसी को सौंपने का निर्देश दिया है। वरीय अधिवक्ता धीरज कुमार ने बताया कि कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद की खंडपीठ ने 20 जून को सुनवाई के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया था।

****

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राज्य सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि हेमंत सोरेन सरकार में आदिवासियों की हितों की उपेक्षा हो रही है। खूंटी में दक्षिण छोटानागपुर के लिए पार्टी की परिवर्तन यात्रा की शुरूआत करते हुए श्री नड्डा ने कहा है कि भाजपा ही झारखंड की जनता के हितों की रक्षा करने वाली पार्टी है।

****

भाजपा के झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी सह केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आरोप लगाया कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार हर मोर्चे पर विफल है।

****

लोक जनशक्ति पार्टी के अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान ने पलामू जिले के नीलांबर–पीताम्बरपुर प्रखंड में एक सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने राज्य की हेमंत सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि झारखंड के पिछड़ेपन के लिए राज्य की वर्तमान सरकार जिम्मेवार है।

****

राज्य की हेमंत सोरेन सरकार ने गढ़वा जिले के बंशीधर नगर से मंईयां सम्मान यात्रा की शुरुआत की। जिले के बंशीधर नगर से मंत्री बेबी देवी और विधायक कल्पना सोरेन के नेतृत्व में इसका शुभारंभ किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम का नेतृत्व कर रही गांडेय की विधायक कल्पना सोरेन ने दावा किया कि हेमंत सोरेन फिर से मुख्यमंत्री बनेंगे।

****

सरायकेला खरसावां जिले में **स्किल ऑन व्हील** के जरिए ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगारों को रोजगार से जोड़ने के लिए विभिन्न प्रकार की जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

बंगाल की खाड़ी में एक बार फिर निम्न दबाव बन रहा है। जिसका असर झारखंड के कई हिस्सों में पड़ सकता है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया है कि आज से 27 सितंबर तक रांची, गोड्डा, साहिबगंज सहित 14 जिलों में भारी बारिश हो सकती है।

*******समाप्त******